भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1535
बुधवार, दिनांक 31 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>गुजरात में पीएम-कुसुम योजना</u>

1535. श्री विनोद लखमशी चावड़ाः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार गुजरात में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना कार्यान्वित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो गुजरात में विशेषकर भुज, अबडासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार जिलों के कितने किसानों को सौर ऊर्जा और ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की गई है, और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) जी, हाँ।

(ख) और (ग): पीएम-कुसुम मांग आधारित योजना है और प्राप्त मांग के आधार पर आवंटन किए जाते हैं। गुजरात राज्य द्वारा प्रस्तुत मांग के आधार पर, मंत्रालय ने दिनांक 30.06.2024 की स्थिति के अनुसार, योजना के घटक-ख के अंतर्गत 12,382 पंप स्वीकृत किए हैं।

गुजरात राज्य की राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार अंजार, रापर एवं भुज जिले में पीएम-कुसुम योजना के घटक-ख के अंतर्गत स्टैंडअलोन सौर चालित पंपों के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्राप्त किसानों की संख्या क्रमशः 6, 2 एवं 2 है। राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा जिलों से प्राप्त मांग के अनुसार अबडासा, गांधीधाम और मांडवी सहित अन्य जिलों के लाभार्थियों तक इसे विस्तारित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ग्रिड-कनेक्टेड कृषि पंपों के लिए, घटक-ग के अंतर्गत व्यक्तिगत पंप सौरीकरण के लिए गुजरात राज्य से कोई मांग प्राप्त नहीं हुई है।

*****